# दुकानदारों का दर्द, ऑनलाइन शॉपिंग ने खत्म की बाजारों की रौनक

मथुरा। राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के मौके पर जंक्शन रोड स्थित .कृष्णा सभागार में इकठ्ठा हुए व्यापारियों का दर्द झलक उठा। तीन दशकों की सबसे बड़ी मंदी से जूझ रहे व्यापारी समाज को हौंसला देते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने कहा कि इस कठिन दौर में व्यापारी हिम्मत रखे और खर्चों को कैसे कम किया जाए इस पर ध्यान लगाये क्योंकि ये कठिन दौर हाल फिलहाल खत्म होने वाला नहीं है और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं कम से कम दो से तीन साल यही स्थिति रहने वाली है। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आह्वान पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय व्यापारी दिवस का शुभारंभ प्रांतीय उपाध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष किशोर भरतिया ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग ने बाजारों की रौनक छीन ली है और ये भ्रम है कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स यानि एफएमसीजी कंपनियां कम रेट पर माल बेच रही है। सच्चाई ये है कि ये कंपनियां उपभोक्ताओं को लूट रहीं है और नकली माल अलग से बेच रहीं हैं। इसलिए आने वाले नवरात्र 14 सितंबर से ऑनलाइन शापिंग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। शासन के आदेशों के बाबजूद जिलों में व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक ना होने और व्यापारियों के साथ लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इससे मुख्यमंत्री को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इकत्रा हुए व्यापारियों ने हाथ उठाकर व्यापारी एकजुटता की शपथ ली। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष संजय अल्पाइन जिला महामंत्री नवीन नागर राजू पंडित अशोक कुमार आढ़ती राघवेंद्र गर्ग अरविंद विसाबर प्रदीप खंडेलवाल नितिन मार्बिल दिनेश सादाबाद संजय जिंदल सोमेश वर्मा राकेश गर्ग आढ़ती राजेन्द्र सर्राफ दीनानाथ अग्रवाल भगवान दास खंडेलवाल दिनेश मार्बिल पंकज जौहरी सुनील बंसल अंशुल शोरा मुरारी सरन सर्राफ अंकित बंसल बांकेबिहारी सोनी आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की दर्दनाक मौत

राया (मथुरा) 11 सितम्बर। थाना राया क्षेत्र अंतर्गत राया से हाथरस जाने वाली सवारी गाड़ी के आगे एक व्रद्ध आ गया, जिसकी दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा मांट रेलवे फाटक से निकलते ही हुआ। एक दम से गाड़ी रुकी तो लोग परेशान हो उठे कि आखिरकार क्या हुआ। जब पता चला कि एक व्रद्ध की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई है। रेलवे कर्मियों ने म्रतक व्रद्ध के शव को गाड़ी में रखकर चौकी पर उतार दिया। म्रतक व्रद्ध की शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीँ रेलवे कर्मियों ने पुलिस को सूचना देदी।

## सप्त नदियों के जल व जड़ी बूटियों से किया पंचामृत अभिषेक

मथुरा। गिरिराज की भूमि गोवर्धन की गिरि तहलटी के गिरवर कुंज में जहां बुधवार को गिरिराज धरन की जय जयकार रही। वहीं, यमुना, गंगा, गोदावरी, बह्मपुत्र, चिनार, कृष्ण, अलखनंदा के पवित्र जल, दूध, दही, शहद व जड़ी बूटियों के पंचामृत से श्रीगिरिराज महाराज का पंचरत्नम महाभिषेक किया गया। इस छप्पन भोग उत्सव की पूर्व संध्या पर वैदिक मंत्रोच्चरण के मध्य आचार्य कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने गिरिराज का महाभिषेक कराया। गोपी स्वरूप धारण किए महिलाएं और ग्वाल रूप धारण किए समिति परिवार के सदस्य गाजे बाजे के साथ छप्पन भोग स्थल गिरवर कुंज में अभिषेक करने को पहुंचे थे। श्रीगिरिराज सेवा समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने पंचामृत अभिषेक कर कलश पूजा की। अध्यक्ष दीनानाथ अग्रवाल, महामंत्री अशोक कुमार आड़ती, नीरज गोयल, राघवेंद्र गर्ग, दिनेश सादाबाद, राजेन्द्र सर्राफ , भगवानदास खंडेलवाल, कन्नूसराफ, हरीश गिलट, मुरारी सरन सराफ, संजय जिंदल, महावीर अग्रवाल, राकेश गर्ग, हरीश गिलट आदि ने गिर्राज महाराज का अभिषेक किया। अनंत चतुर्दशी पर गोवर्धन की गिरि तलहटी में होने में होने वाले छप्पन भोग के लिए गिरि परिक्रमा को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इस बार गिरिराज सप्त रत्नों से सजे चांदी के चन्द्रयान 3 में विरा. जमान होकर दर्शन देंगे। गिरिराज प्रभु का शृंगार राजाधिराज रूप में पंडित शरद मुखिया करेंगे। शृंगार असली हीरे, मोती, नीलम, पन्ना, पुखराज, गोमेद जैसे रत्नों से होगा। इसमें प्रभु हीरा जड़ित बांसुरी धारण करेंगे। वहीं, 21 हजार किलो के 56 भोग पर सोने का वर्क लगाया गया है।

## रक्तदान से मनुष्य को रोगों से मिलती मुक्तिः रसिकबल्लभ

मथुरा। श्री हित परमानंद शोध संस्थान एवं रक्तदाता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में फोगला आश्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भागवत प्रवक्ता ललितबल्लभ नागार्च ने किया। शिविर में रक्तदाताओं ने 15 यूनिट रक्तदान किया। भागवताचार्य श्री नागार्च ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इन्ही पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए प्रभु भक्ति के साथ-साथ मानव सेवा के लिए इस रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया है। रक्तदाता फाउंडेशन से प्रीत अग्रवाल ने बताया कि संस्था के लिए एक ऐतिहासिक पल है जो कि भागवत कथा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह एक अतुलनीय प्रयास है इसमें सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।निगम पार्षद रसिकबल्लभ नागार्च ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान हर स्वस्थ व्यक्ति को जरूर करना चाहिए। इससे शरीर को नई ऊर्जा मिलती है और रोगों से भी छुटकारा मिलता है। प्रिंस खंडेलवाल ने बताया कि संस्था मथुरा जिले में रक्त की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिये समय समय पर रक्तदान शिविर एवं रक्तदान की जागरूकता के लिए सेमिनार का आयोजन करती है। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता मनोजकृष्ण शास्त्री, गोपाल खंडेलवाल, अमित गोयल, शुभम, यतेंद्र फौजदार, गोविंद खंडेलवाल, कुशल, मोहित अग्रवाल, सौरभ, मोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक विद्यार्थियों को अपना शत-प्रतिशत दें-कुलाधिपति

मथुरा। छात्र-छात्राओ के सामने शिक्षक एक रोल माडल की तरह होता है। इसलिए शिक्षक का दायित्व और भी बढ़ जाता है। आपके ऊपर अनेक अन्य घरेलू जिम्मेदारियां होती हैं, जिसका तनाव और बोझ भी रहता है लेकिन जब आप कक्षा में हों तो उस सबको भूलकर अपने विद्यार्थियों को अपना शत प्रतिशत दें। अपने बोझ और तनाव को अपनी इस बड़ी जिम्मेदारी पर हावी न होने दें। यह बात संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता ने विश्विद्यालय में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में डीन और फैकल्टी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आपको इंजन बनकर विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाना है। मैंने सीखा है कि यदि आप कुछ ठान लेते हैं तो बीच में आने वाली कोई रुकावट आपको लक्ष्य तक पहुंचने से रोक नहीं सकती। विद्यार्थियों की क्षमता से परिचित हों और उन्हें परिष्कृत करें, सभी शिक्षकगण एक माला के मोती बनकर एक साथ अपना और विश्विविद्याल का नाम ऊंचा करें। इसी के साथ उन्होंने सभी शिक्षकों शिक्षक दिवस की बधाई दी। समारोह में विश्वविद्यालय की विशेष कार्याधिकारी श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके अंदर बच्चों को सही मार्गदर्शन की क्षमता है, इस क्षमता को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। उनके भविष्य के निर्माण में सहयोग करें। कुलपति डा. राना सिंह ने कहा कि अच्छा शिक्षक ही महान शिक्षक बनता है। शिक्षक को चाहिए कि वह विद्यार्थियों से सामंजस्य स्थापित करे उनकी प्रोफेशन स्किल को बाहर लाए और उसे एक योग्य प्रोफेशन बनने में मदद करे। इस मौके पर विश्वविद्याल के सभी विभागों के डीन और फैकल्टी ने कविताओं और अपने विचारों से समारोह में चार चांद लगा दिए।

## 2 अक्टूबर तक सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाना होगा-मोदी

मथुर।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लॉन्च किया। इसके साथ ही 1059 करोड़ की प्रदेशभर की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और गो अनुसंधान केंद्र में आयोजित पशुधन आरोग्य मेले में राष्ट्रीय पशुरोग निवारण, देशव्यापी कृत्रिम गर्भाधान और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी पशुओं की खुरपका मुंहपका और ब्रसलोसिस बीमारी के राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान को शुरू किया। साथ ही पॉलिथीन खाकर बीमार हुए पशुओं के ऑपरेशन की नवीन तकनीक को पीएम लाइव देखेंगे। विवि के खेल मैदान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में पीएम स्वच्छता और पर्यावरण कार्यक्रम को लेकर जनता का आह्वान किया। साथ ही 1 जुलाई से शुरू किए गए जलशक्ति अभियान के तहत वर्षा जलसंचयन और भूजल संरक्षण को लेकर भी पीएम मोदी लोगों को जागरूक करेंगे। प्रधानमंत्री केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री संजीव कुमार बाल्यान, उप्र पशुधन मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा, पशुधन राज्यमंत्री जयप्रकाश निषाद, सांसद हेमामा. लिनी, विधायक कारिंदा सिंह और विधायक पूरनप्रकाश भी रहेंगे।

## वार्डर की शिकायत पर जांच करने पहुंचे डीआईजी

मथुरा। जेल के वार्डर द्वारा की गई शिकायत की जांच करने के लिए सोमवार को डीआईजी जेल मानव संसाधन लव कुमार एसएसपी कार्यालय पहुंचे वार्डर ने जेलर के खिलाफ अनियमितता की शिकायत की थी। जिला कारागार के जेलर अरविंद पांडे की शिकायत पूर्व में जेल वार्डर जेपी निम द्वारा उच्चाधिकारियों से की थी। शिकायत में जेलर पर वार्डर ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। इन्ही आरोपों की जांच करने और सिपाही के बयान दर्ज करने को जीआईजी जेल यहां पहुंचे। जेल डीआईजी ने शिकायतकर्ता जेपी निम को एसएसपी कार्यालय बुलाया और शिकायत की बावत उसके बयान दर्ज किए। डीआईजी लव कुमार ने बताया कि वार्डर ने जेलर पर बिना वर्दी के जेल में प्रवेश करने सहित कई गंभीर आरा. ेप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। इसी की जांच के सिलसिले में वह आए है।

## मंडल स्तरीय एक दिवसीय अभिमुखिकरण कार्यशाला का आयोजन

मथुरा। मुख्य अतिथि सर्वज्ञराम मिश्र तथा विशेष अतिथि के रूप में यूनिसेफ उ0प्र0 की चीफ सुश्री रूथ लियानो मडल स्तरीय एक दिवसीय अभिमुखिकरण कार्यशाला में शामिल हुई। उन्होंने कार्यशाला का उददेश्य बताते हुए कहा कि गैर संस्थागत देखरेख को बढ़ावा देने, बाल संरक्षण को सुदृढ़ करना तथा बाल देखरेख संस्थाओं में न्यनतम मापदंड सुनिश्चित करना है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र ने कार्यशाला के दौरान कहा कि बच्चे बहुत अबोध होते हैं उनकी बेहतरी के लिये हमें संवेदनशील होना चाहिये। उन्होंने कहा कि कई बार उचित देखरेख व संरक्षण के अभाव में किशोर/बच्चे विपरीत परिस्थितियों में फंस जाते है। बच्चों की देखरेख व संरक्षण एवं उसका भविष्य सुरक्षित रखने में राज्य सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं में ध्यानपूर्वक प्रतिभाग करते इनमें जानकारियें को लागू करने के लिये हम सब प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि स्पांसरशिप निरराश्रित, बाल श्रम तथा विपरीत परिस्थितियों में प्राप्त बच्चों को प्रतिमाह 2000/-रू0 का स्पॉसरशिप का प्राविधान है। एडॉप्शन में 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को बंतं माध्यम से गोद लेने का प्रावधान है। इच्छुक व्यक्ति पर आवेदन कर सकते है।

पोस्टर केयर में बच्चों के पालन पोषण हेतु सक्षम व इच्छुक परिवारों को अस्थायी पालन पोषण तथा संरक्षण में दिया जा सकता है। पाश्चातवर्ती देखरेख 18 वर्ष की आयु के बाद भी बच्चों के आत्मनिर्भर होने तक राज्य सरकार द्वारा मदद की जाती है। विशेष अतिथि सुश्री रूथ लियानो ने कहा कि बच्चों के अधिकारों व देखरेख व संरक्षण के सम्बन्ध में बाल अधिकार समझौता तथा किशोर न्याय बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियिम 2015 व केन्द्रीय आदर्श नियमावली 2016 को लागू किया गया। उन्होंने बताया कि अधिनियम के सिद्धातों में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी बच्चे के मामले में निर्णय लेते समय उसके सर्वोतम हितों को ध्यान में रखना आवश्यक है। साथ ही किसी बच्चे को संस्थागत करना/संस्था में रखना अंतिम उपाय होना चाहिये।

इस अवसर पर कार्यशाला में यूनिसेफ उ0प्र0 के बाल संरक्षण विशेषज्ञ आफताब मोहम्मद, सीओ रराकेश, उप श्रमायुक्त प्रभातकुमार, जिला प्रोवशन अधिकारी, अनुराग रस्तोगी, राज्य सलाहकार महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री मेहदिया रिजवी व नीरज मिश्रा चारों जनपद तथा मैनपुरी के जिला प्रोवशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति , किशोर न्याय बोर्डख् जिजला बाल संरक्षण ईकाई, विशेष किशोर पुलिस ईकाई , आश्रय गृहों, चाइल्ड लाइन तथा स्वयं सेवी संगठनों के लगभग 75 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## जेसीआई ग्रेटर ने म्यूज़िकल नाइट का जलवा बिखेरा

मथुरा। जेसीआई ग्रेटर ने जेसी सप्ताहान्तर्गत जेसी प्रशान्त शाह की अधयक्षता में ब्रजवासी लैन्ड्स इन में म्यूज़िकल नाइट एवं वार्षिक साधारण सभा 2017 आयोजित की। जिसमें आतिथ्यकर्ता अधयक्ष 2017 जेसी विकास अग्रवाल व कोषाधयक्ष जेसी नितिन भगवती ने संयुक्त रूप से आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। सचिव जेसी पवन अग्रवाल व उनकी सम्पूर्ण कार्यकारिणी की ओर से अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के गेटोज को स्क्रीन पर प्रदर्शित कर तालियाँ बटोरीं। हाऊजी विजेयताओं को प्रथम महिला 2017 वंदना अग्रवाल व चेयरपर्सन 2017 रहीं पायल गुप्ता ने पुरस्कृत किया। म्यूज़िकल नाइट में रौनक ईवेन्ट द्धअलीगढऋ के गायक कलाकारों मैक्स व पूजा ने ''ख्वाब हो तुम या कोई हक़ीकत, कौन हो तुम बतलाओ'' गीत व यस कबीर ने गज़ल ''मेरे रश्के क़मर तूने पहली नज़र, जब नज़र से मिलायी मज़ा आ गया'' प्रस्तुत किये तो जेसीज व रिट्सविंग सदस्य-सदस्यायें कर्तलधवनियाँ करते हुए नृत्य करने पर विवश हुए। वाद्क कलाकारों कपिल गोयल द्धऑर्गनऋ, पवन दीक्षित द्धऑक्टो-पैडऋ, रोहित चौहान द्धनालऋ व मैक्स द्धगिटारऋ ने अपनी सुमुधार धुानों ''जै-जै शिवशंकर, कांटा लगे न कंकर'' आदि गीतों पर युगल दम्पत्तियों से बलून डांस कराया। अधयक्ष 2019 प्रशान्त शाह ने आतिथ्यकर्ता जेसी विकास अग्रवाल का उनके द्वारा आयोजित किये गये रंगा. रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व उनके कार्यकाल में रहीं उपलब्धियों हेतु उनका व सभी जेसीज का आभार प्रकट किया। संचालन नितिन भगवती ने किया। कार्यक्रम में प्रथम महिला मोनिशा शाह, रिट्सविंग चेयरपर्सन अनीता अग्रवाल, सचिव शालिनी अग्रवाल, सप्ताह संयोजक प्रशान्त अग्रवाल, कोषाधयक्ष पंकज मित्तल, पू0अ0 पी0डी0खण्डेलवाल, राजेन्द्र हाथी वाला, डॉ0 प्रकाशचन्द अग्रवाल, मलिक अरोड़ा, नितिन ब्रजवासी, नरेश अग्रवाल, रवि सरीन, पराग गोयल, विपिन सिंघल, रवि मास्टर, विजय शोरावाला, सुशील गर्ग 'सिल्क स्क्रीन', नरेन्द्र अग्रवाल, अनिल खण्डेलवाल, मुरारीलाल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पंकज चौधारी, अंशुल गर्ग, डॉ0 राजीव अग्रवाल, डॉ0 अनुराग अग्रवाल, डॉ0 डी0सी0खण्डेलवाल, धार्मेन्द्र चौधारी, प्रभात अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, करन मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अतुल गुप्ता, कपिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मनोज सिंघल, गौरव गर्ग, अमला खण्डेलवाल, साधाना सरीन, रिचा गर्ग, शिखा, नीलम, पूजा, रितु, संगीता, आभा, मीरा, डॉ0 अल्पना, डॉ0 लता, डॉली अग्रवाल, वंदना सिंघल आदि थे।

## स्वच्छता से दिमागी बुखार पर नियंत्रण किया-योगी

### विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का किया प्रयास

मथुरा। प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि श्री कृष्ण के इस पावन भूमि पर देश के यशस्वी मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत है। उन्होंने मथुरा नगरी को गौपालन का केन्द्र बताते हुए कहा कि गाय पालन के कारण ही श्री कृष्ण का नाम गोपाल पड़ा। उन्होंने कहा कि 2014 में श्रीमान मोदी द्वारा प्रधानमंत्री का कार्यभार ग्रहण किया गया तो उन्होंने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया। उनका लक्ष्य प्रत्येक दशा में किसान को कुशहाल बनाना था। उन्होंने स्वच्छता अभियान प्रारम्भ करके देश को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। श्री योगी ने कहा कि स्वच्छता अभियान असर यह रहा कि अनेक विषाणुओं से होने वाले रोगों का अंत हुआ है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 के गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजग. ंज आदि चार जिलों में दिमागी बुखार से अनेकों बच्चों की मौतें हो जाती थीं, लेकिन स्वच्छता अभियान चलने के पश्चात 2016 में 2817 मरीजों को भर्ती किया गया, जिसमें 426 मौतें हुई तथा 2017 में 1998 मरीजों को भर्ती किया, जिसमें 380 मौतें हुई, 2018 में 579 मरीजों को भर्ती किया गया, जिसमें 125 मौतें हुई, 2019 में 229 मरीजों को भर्ती किया गया, जिसमें 22 मौतें हुई वास्तव में यह आंकडे चौकाने वाले हैं और स्वच्छता अभियान के सफलता से चलने का प्रमाण भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 वर्षों से पीड़ित दिमागी बुखार के लोगों के लिए स्वच्छता अभियान कारगर सिद्ध हुआ। जिससे वायरल बीमारियों के आंकडे बहुत कम हो गये हैं। उन्होंने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए अनेक योजनाओं का भी शुभारम्भ किया है, जिसमें किसान सम्मान योजना के तहत लाभान्वित करना, फसल बीमा योजना एवं पशु पालन ऋण पर सब्सिडी द्वारा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। पशुओं को आरोग्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा पशु टीकाकरण योजना का शुभारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत 15345 करोड़ रू0 से 51 करोड़ पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री को पुष्प एवं गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही पशु आरोग्य मेला में प्रधानमंत्री के साथ ऑपरेशन थ्रियटर, प्लास्टिक को नस्ट करने वाली मशीन, गाय एवं भैंसों के उपचार हेतु लगाई गई विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी गिरिराज सिंह, केन्द्रीय मंत्री जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार गजेन्द्र सिंह शिखावत, ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा, दुग्ध विकास एवं पशुपालन मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव, मा0 सांसद श्रीमती हेमा मालिनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बिजली काटने पर टीम को बकायेदारों ने घेरा

राया। थाना राया क्षेत्र के गाँव खाडिया मे विद्युत कनेक्शन काटने गई विद्युत टीम के साथ अभद्रता का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओ राया के नेतृत्व में टीम गांव खाडिया पहुंची तो बकायेदारों ने विद्युत कर्मियों को घेर लिया और उनके साथ अभद्रता कर डाली। जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में गांव पहुंच गए। एसडीओ ने बताया कि विद्युत कनेक्शन काटने का काम चल रहा था।वहीं ग्रामीणों द्वारा उत्पात मचाया गया है।

## नम आंखों के बीच कर्बला में दफन किए ताजिए

मथुरा 11 सितम्बर। इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज के लोगों ने हर साल की भांति इस साल भी परंपरागत रूप से ताजिए निकाले। देर शाम नम आंखों के बीच ताजिए कर्बला में दफन किए गए। मंगलवार को मोहर्रम के चलते पुलिस प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच गमजदा माहौल में मुस्लिम समाज के द्वारा ताजीए के जुलूस निकालकर कर्बला के मैदान में सुपुर्द ए खाक किए गए। इस दौरान मसानी तिराहे के समीप कर्बला मैदान में मेले का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने जमकर खेल खिलौने खरीदे।

## खाते से 2 लाख 22 हजार रुपये की ठगी

चौमुहां। कस्बा चौमुहां स्थित एक बैंक में महिला के खाते से 2 लाख 22 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार सपना पत्नी कृष्णा पारासर ने चौमुहां के सिंडिकेट बैंक में खाता खुलवा रखा है। वह जब आज बुधवार के दिन बैंक से रुपये निकालने पहुचीं तो उसने विड्राल भरकर कैशियर को दिया लेकिन कैशियर ने खाते में धनराशी न होने की बात कहते हुए उसे कैश काउंटर से हटा दिया। महिला सपना ने जब इसकी शिकायत बैंक के शाखा प्रबंधक से की तो उसने बताया कि 6 दिन पहले ही उसके खाते से रूपये विड्राल फार्म के माध्यम से निकाले गए है। जबकि महिला का कहना था कि उसने कई माह से बैंक से कोई लेनदेन नहीं किया है। बुधवार को महिला सपना ने इसकी तहरीर जैत चौकी में देकर पुलिस से जांच कर रूपये दिलाये जाने की मांग की है वही जब इस सम्बंध में जैत चौकी प्रभारी नीरज सिंह भाटी से बात की तो उनका कहना था जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा नंदोत्सव का भव्य आयोजन

मथुरा। अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन महिला समिति के द्वारा नंदोत्सव एवं राधा कृष्ण महोत्सव का भव्य आयोजन गोविंद नगर सर्वेश्वरी सदन मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश एरन, रविन्द्र बँसल एवं सोनम अग्रवाल ने राधा कृष्ण के समक्ष जाकर दीप प्रज्वलित की, उसके उपरांत समिति महिला अध्यक्ष ने पंचुयल्टी गेम महिलाओं को खिलाया जिसमे डिम्पल गुप्ता विजयेता रही जिनको संयोजिका रेनू मंगल ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। उसके पश्यात नीतू मित्तल ने हाऊजी गेम खेला गया जिसमे राजेश्वरी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, नीतू मित्तल, गजल अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे बच्चो द्वारा राधा कृष्ण डांस राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा एवं राधा की चुनरी डांस पर प्रस्तुति की जिसमे अनुष्का, सक्षम, काव्या, जिज्ञासा, कृतिका, मिमिशा एवं महक आदि बच्चो ने सभी का मन मोह लिया एवं बच्चो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने ढोलक की थाप एवं मंजीरों की मधुर धुन पर भजन कीर्तन किया। कन्हैया झूले पालना नेक होले झोका दीजो.... नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल जैसे भजनों को गाकर महिलाएं कृष्ण भक्ति में सरोबार नजर आईं। इस दौरान तरह-तरह के भोग बाल स्वरूप कृष्ण को अर्पित किए गए। महिलाएं श्रद्धा के सरोवर में डूबी नजर आईं। महिलाओं ने धूमधाम से काफी समय तक कार्यक्रम में भक्ति गीत गाए। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बिस्कुट, टॉफी, नमकीन बाँटकर बधाइयां लुटायी। इस कार्यक्रम में समिति की महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## गरुड़ गोविंद पर फुट ओवरब्रिज का विरोध

छटीकरा (मथुरा)। गांव छटीकरा में अधिकारियों एवं हाईवे-2 की कार्यदायी कम्पनी के ठेकेदार की मनमानी के विरोध में एक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें गरुण गोविंद मार्ग के समीप फ्लाई ओवर के बाद बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रिज का सर्व सम्मति से पुरजोर विरोध किया गया एवं यह निर्णय लिया गया कि किसी भी हॉल में फुट ओवर ब्रिज नहीं बनने दिया जाएगा और यह भी मांग की गई कि उपरोक्त फुट ओवर ब्रिज के स्थान पर अंडर पास बनवाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। आगे की संघर्ष की योजना बनाने हेतु 15 सितम्बर 2019 को सम्पूर्ण क्षेत्र की एक बैठक/पंचायत श्री गरुण गोविंद मन्दिर छटीकरा पर आयोजित की जाएगी एवम आगे की रणनीति सभी क्षेत्र वासियों के सहयोग एवं दिशा निर्देशन में तय की जाएगी।

## वृंदावन में धूमधाम से मना छटी महोत्सव

वृंदावन। नगर के मंदिरों व आश्रमों में राधारानी के जन्म के बाद छटी महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में संत-महंतों के साथ सुदूर क्षेत्रों से आए भक्तों ने भी भाग लिया। बुधवार को गोविंद घाट स्थित बड़ा रास मंडल में छटी महोत्सव पर प्रातः महिलाओं ने बधाई गायन एवं संकीर्तन किया। इसके पश्चात राधारानी ने फूल बंगला में विराजित होकर भक्तों को दर्शन दिए। रास मंडल के महंत लाड़िलीशरण महाराज के सानिध्य में समाज गायन हुआ। समाजी राकेश मुखिया व रवि पाठक ने राधारानी के जन्म की मंगल बधाइयों का परंपरागत गायन किया।..कुंवरि किशोरी जनमत ही ब्रज जन फूले तन मन माई। श्रीबरसाने गोपराज घर बाजत सुनी है बधाई...,कनक कलश पर धुजा पताका जगमगात छबि न्यारी, बाजत द्वारें ताल पखावत गोमुख दुंदुभि भेरी... आदि पदों के गायनों पर भक्तजन जमकर झूमे। वहीं, ब्रज की सखियों ने परंपरागत वेष में भाव नृत्य किया।